# प्रेस विज्ञप्ति

रायपुर, दिनांक 19 फरवरी, 2014

## - भाटापारा एवं दुर्ग महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विधानसभा की कार्यवाही का अवलोकन किया

## -विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल एवं मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह से भेंट की

- शास. गजानंद अग्रवाल महाविद्यालय, भाटापारा एवं सेठ आर.सी.एस. कला महाविद्यालय, दुर्ग के विद्यार्थियों ने आज विधानसभा की प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण काल की कार्यवाही का अवलोकन किया। कार्यवाही अवलोकन पश्चात् इन्होने विधानसभा परिसर में विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल एवं मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह से भेंट की। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक श्री शिवरतन शर्मा एवं विधानसभा के प्रमुख सचिव श्री देवेन्द्र वर्मा भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि विधानसभा प्रदेश की सर्वोच्च पंचायत होती है। विधानसभा प्रदेश

सर्वोच्च जनप्रतिनिधि सभा होने के कारण विधि निर्माण संस्था होने के अतिरिक्त कार्यपालिका के कार्यो पर सत्त निगरानी का कार्य भी करती है। श्री अग्रवाल ने कहा कि-महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं युवाओं को विधानसभा की कार्यवाही को नजदीक से देखने का अवसर देने का उद्देश्य यह है कि युवा जनता से जुडे मामलों का समझकर जनता का नेतृत्व करें। बजट पर चर्चा करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि-बजट पर विभागवार चर्चा होने के पश्चात् इसे बहुमत के आधार पर पारित किया जाता है। उन्होने प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण पर भी विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी।

विधानसभा के प्रमुख सचिव श्री देवेन्द्र वर्मा ने विधानसभा की प्रक्रिया एवं कार्यसंचालन पर संक्षिप्त में प्रकाश डाला।